प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लाभार्थियों को प्रदान किये 100 करोड़ रुपये के ऋण : कहा– 10 लाख नए उद्यमी तैयार करेगी सरकार।
2. हाथरस हादसे पर न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट आई सामने : अधिकारियों और आयोजकों की अनदेखी को बताया गया घटना की वजह।
3. आईएसआई से जुड़ा बब्बर खालसा इंटरनेशनल गुट का सक्रिय आतंकी आज कौशाम्बी से गिरफ्तार : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा– महाकुंभ में बड़ी घटना को अंजाम देना चाहता था आतंकी।

और

4. मथुरा वृन्दावन समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में होली का पारम्परिक उत्सव शुरू : कल खेली जायेगी विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत गोरखपुर और बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने ओडीओपी

के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट का वितरण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा स डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

बाइट.....

*यह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना हमने चौबिस जनवरी दो हज़ार पच्चीस को प्रारंभ की और अभी योजना को लागू हुए लगभग सवा महीना हुआ है और डेढ़ महीने का परिणाम क्या है? हमें पूरे वर्ष भर में एक लाख उद्यमियों को इसके साथ जोड़ना था या नए उद्यमी देने थे लेकिन अभी तक हमारे पास एप्लीकेशन आई है दो लाख चौवन हजार सात सौ तिरानवे यानि स्कीम की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं और इसमें भी एक लाख आवेदन हम लोगों ने बैंकों को भेज दिए हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

——————

हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ परन्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट कल विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश की गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बने न्यायिक आयोग ने रिपोर्ट में घटना के पीछे पुलिस–प्रशासन के अलावा अन्य

विभागों की लापरवाही और आयोजकों की अनदेखी को वजह बताया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*हाथरस हादसे पर हुई न्यायिक जांच में सामने आया है कि तत्कालीन एसडीएम और सीओ ने बिना मौके का निरीक्षण किए, एक ही दिन में इतने बड़े आयोजन की अनुमति दे दी थी। आयोजन में 80 हजार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान था पर कार्यक्रम में ढाई से तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के मुकाबले पुलिसकर्मियों की संख्या बहुत कम थी। आयोजकों ने भी व्यवस्थाओं में नियमों की अनदेखी की। मौके पर भीड़ बढ़ाने पर भी वरिष्ठ अधिकारियों को कोई सूचना नहीं दी गई और न ही अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध के लिए कोई प्रयास किया गया था। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————

यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने कौशाम्बी में एक संयुक्त अभियान चलाकर आज पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े बब्बर खालसा इंटरनेशनल गुट के एक सक्रिय आतंकी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया है। यह आतंकी पिछले साल 24 सितंबर को पंजाब में न्यायिक हिरासत से फरार हो गया था। कौशाम्बी में गिरफ्तारी से पहले वह लखनऊ और कानपुर में छुप कर रह रहा था। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि यह आतंकी महाकुंभ के दौरान बड़ी घटना को अंजाम देना चाहता था। बाइट.....

*महाकुंभ के आयोजन के पहले ऐसे विघटनकारी तत्वों के द्वारा जो कि देश और विदेश में मौजूद थे उनके द्वारा गड़बड़ी फैलाने की तथा कुछ ऐसी घटनाएं कारित करने की सूचना दी गई थी और यह सूचना विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से हम लोगों को प्राप्त हुई थी। उसी के क्रम में एक*

*महत्वपूर्ण सफलता है। उत्तर प्रदेश के ए टी एस को बीती रात मिली है और ये कार्यवाई उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ तथा पंजाब पुलिस के द्वारा जॉइंट ऑपरेशन में की गयी है। इस ऑपरेशन के तहत दिनांक छह तीन सौ पच्चीस को बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं आईएसआई केबीन का सक्रिय आतंकवादी लेजर मसीह पुत्र कुलविंदर को कौशाम्बी से गिरफ्तार किया गया है।*

—————————

केंद्र सरकार के टीबी मुक्त अभियान के तहत सिद्दार्थनगर जनपद की कुल 1136 ग्राम पंचायत में से 216 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। ज़िलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के लिए सिद्धार्थ नगर में कई तरह के इनोवेशन किए गए। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थनगर एक एस्पिरेशनल जिला है जिसमें टीबी मरीजों की पहचान के लिए वॉररूम तैयार किया गया है। बाइट.....

*आज की तारीख में दो सौ सोलह गाँव पंचायत का हम लोगों ने टीबी मुक्त कराया और साथ साथ जनपद का जो वल्नरेबल पॉपुलेशन है, लगभग पच्चीस पर्सेंट का आइडेंटिफाई किया और बारह लाख वल्नरेबल पॉपुलेशन का आज की तारीख हम लोगों ने स्क्रीनिंग की। हमारी टीम के माध्यम से डेली मॉनिटरिंग और फीडबैक भी दिया जा रहा है और प्रत्येक मरीज के साथसाथ हम लोग संवाद भी बनाते हैं। इसके लिए विशेष रूप से वार रूम भी स्थापित किया गया है और उम्मीद यह है कि दो हज़ार पच्चीस तक हम लोग कराने का काम करेंगे।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में कार्यरत संविदा कर्मियों की पुनर्नियुक्ति के लिए पारस्परिक पुनर्नियुक्ति पोर्टल को 7 से 12 मार्च तक के लिए दोबारा खोला जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पारस्परिक पुनर्नियुक्ति के लिए मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

————————

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ में आज से वुमेन इन अकेडमिया, रिसर्च, एंड मैनेजमेंट सम्मेलन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। 8 मार्च तक चलने वाला वार्म–एस्ट 2025 सम्मेलन अनुसंधान और शिक्षा में महिलाओं की प्रतिभागिता को शामिल करने पर केंद्रित है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

————————

मथुरा वृन्दावन समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में होली का पारम्परिक उत्सव शुरू हो चुका है। इसी क्रम में मथुरा में कल विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली खेली जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राधा विहारी इंटर कालेज में होली महोत्सव की विधिवत् शुरूआत करेंगे। वहीं लट्ठमार होली 08 मार्च को मनायी जायेगी। इन दोनों पर्वों में शामिल होने के लिये देश–विदेश से लोग मथुरा पहुंच रहे हैं। इन पर्वों क सकुशल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सुरक्षित और यादगार होली के आयोजन के लिए सारी व्यवस्थायें की जा रही हैं।

———————

होली के पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि आनंद विहार–जयनगर स्पेशल ट्रेन 6, 10, 13 और 17 मार्च को आनंद विहार से सुबह पांच बजे चलकर दोपहर दो बजे चारबाग पहुंचेगी। वहीं बिहार के लिए आनंद विहार–सीतामढ़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 7, 11, 14 और 18 मार्च को आनंद विहार से रात साढ़े 12 बजे चलकर लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर सुबह 9 बजकर 25 मिनट और सीतामढ़ी रात दो बजे पहुंचेगी।

उधर, अमरोहा में होली के मद्देनज़र परिवहन निगम नौ स्थानों के लिए विशेष बसों का संचालन करेगा। एआरएम अनिल कुमार ने बताया कि होली पर आगरा, मथुरा, गोरखपुर, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या, चंदौसी, शाहजहांपुर और दिल्ली के लिए सीधे बस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।

———————

महिला प्रीमियर लीग में अब से कुछ ही देर में यू पी वारियर्ज का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वारियर्ज की प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी है। पिछले मैच में गुजरात जायंट्स के हाथों मिली हार के बाद यूपी की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है।

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले चौबीस घंटे के बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की

वृद्धि होगी। वहीं प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना है।

——————————